प्रेषक,

उमेश चन्द्र पाण्डे-II,
विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट,
बाराबंकी।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
बाराबंकी।

विषयः वित्तीय वर्ष 2014-15 व 2015-16 से सम्बन्धित सम्पत्ति विवरण के सम्बन्ध में स्पटीकरण।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि उक्त वित्तीय वर्षों की वेतन से प्राप्त सकल आय रूपये 25,12,189/- के सापेक्ष जी०पी०एफ०, जी०आई०एस०, आय कर, गृह ऋण, कार ऋण, पी०पी०एफ० व बीमा पालिसी में जमा धनराशियों के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि त्रुटिवश पी०पी०एफ० खाते में वार्षिक अंशदान तथा गृह ऋण, कार ऋण की मासिक किश्तों का उल्लेख किये जाने से छूट गया था।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में पी०पी०एफ० में वेतन से किये गये वार्षिक अंशदान रूपये 50,000/- तथा गृह ऋण के मद में रूपये 38,000/- मासिक किश्तें और कार ऋण के मद में रूपये 10,101/- मासिक किश्तें अदा की गई थीं। गृह ऋण की कुल 12 किश्तें तथा कार ऋण की चार किश्तें उक्त वित्तीय वर्ष में अदा की गईं जिसके अनुसार कुल वार्षिक गृह ऋण के मद में रूपये 4,56,000/- तथा कार ऋण के मद में रूपये 40,404/- अदा किये गए।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में पी०पी०एफ० में वार्षिक अंशदान 1,50,000/-रूपये, गृह ऋण व कार ऋण के मद में क्रमशः 38,000/-रूपये मासिक व 10,101/-रूपये मासिक के अनुसार उक्त मद में इस वर्ष कुल रू० 4,56,000 + रू० 1,21,212 = 5,77,212/- रूपये अदा किये गए। पी०पी०एफ० खाते की धनराशि में अतिरिक्त बढ़ोत्तरी पिछले वर्षो में जमा धनराशि से प्राप्त ब्याज सहित मूलधन की है।

मेरे द्वारा वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में पी०पी०एफ०, एल०आई०सी० व एस०बी०आई० लाइफ के मद में कुल धनराशि जो वेतन से जमा की गयी 3,43,800/-रूपये थी और गृह ऋण के मद में जमा धनराशि 9,12,000/-रूपये तथा कार ऋण के मद में कुल 1,61,616/-रूपये थी।

इसी प्रकार स्टेट बैंक व पंजाब नेशनल बैंक के उल्लिखित बचत खातों में भी ब्याज सहित बढ़ोत्तरी दोनों वर्षो के दौरान मात्र 23,146/-रूपये थी। जी०पी०एफ०, जी०आई०एस० व आयकर के मद में मेरे द्वारा उक्त वर्षो में जमा की गयी धनराशि कुल 4,57,379/- रूपये थी।

तदनुसार पी०पी०एफ०, एल०आई०सी०, एस०बी०आई० लाइफ, गृह ऋण, कार ऋण, जी०पी०एफ०, जी०आई०एस० व आयकर में मिलाकर कुल अंशदान 18,97,941/-रूपये का था। मेरे द्वारा दोनों वर्षो में वेतन से प्राप्त होने वाली आय 25,12,189/-रूपये थी। इस प्रकार उक्त

वर्षो में मेरे द्वारा आयकर , गृह व कार ऋण तथा निवेशित धनराशियों के बावजूद लगभग 6,14,248/ - रूपये घरेलू मद में व्यय किये जाने हेतु उपलब्ध थे। मेरी आय से अधिक निवेश नहीं है।

न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों के उपरांत मिलने वाली सुविधाएं ईंधन प्रतिपूर्ति , जलपान व चिकित्सा भत्ता, समाचार पत्र, मोबाइल/ टेलीफोन सुविधा, विजली सब्सिडी, किराया मुक्त आवास आदि मिलते हैं। अवकाश नकदीकरण व पोशाक भत्ता, स्थानान्तरण टी0ए0 आदि के रूप में भी समय-समय पर नियमानुसार अतिरिक्त धनराशि प्राप्त हुई तथा जीवन बीमा में किये गये निवेश से भी समय-समय पर धन वापसी हुई जिसे पारिवारिक व व्यक्तिगत खर्चे में उपयोग किया गया अथवा निवेशित किया गया।

उक्त के अतिरिक्त यह भी निवेदन है कि मेरे पिताजी केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण नयी दिल्ली से अवकाश प्राप्त वरिष्ठ पेंशन भोगी न्यायिक अधिकारी थे जो अपनी वृद्धावस्था के कारण मेरे साथ रहते थे तथा नैसर्गिक प्रेम व स्नेह के कारण आर्थिक योगदान भी करते थे। मेरे साथ रहते हुए उनका देहान्त 01.03.2016 को हो गया था। मेरे गांव की पैत्रिक कृषि भूमि पर संयुक्त परिवार की खेती भी होती है जिसमें गन्ना, धान, गेहूँ आदि की विभिन्न फसलें पैदा होती हैं जिससे घरेलू खर्चों में अतिरिक्त सहयोग प्राप्त होता है। मेरे सादगीपूर्ण जीवन शैली के कारण अनावश्यक खर्चे की आदत नहीं है मेरा परिवार सीमित है और मेरी आय की तुलना में खर्चे अत्यन्त सीमित हैं।

मेरे पिताजी का देहान्त होने के पश्चात अन्त्येष्टि में व्यस्तता व पश्चातवर्ती उत्तराधिकार में प्राप्त होने वाली परिलब्धियों के विवरण उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण तत्समय विवरण प्रस्तुत नहीं किया जा सका। विवरण उपलब्ध होने के तुरन्त पश्चात विवरण प्रस्तुत किया गया।

तदनुसार आख्या माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

सादर!

दिनांक: 08.11.2023
संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

Umesh Chandra Pande

(उमेश चन्द्र पाण्डे-II)
विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट)
बाराबंकी।

वर्ष **2014-15** तथा **2015-16** के दौरान प्राप्तियाँ, निवेश/ अदायगी और अंतरः-

वर्ष	बचत खातों में वार्षिक अन्तर	निवेश	ऋण अदायगी HL=House Loan CL=Car Loan	कटौतियाँ एवं आयकर IT=Income Tax
2014-15	Rs. (-)134894.00	PPF Rs. 50000.00 LIC Rs. 21900.00 SBI Life Rs. 50000.00	HL38000x12 =Rs.456000.00 C L-10101x4 =Rs. 40404.00	GPF-Rs. 144101.00 GIS- Rs. 4800.00 IT- Rs. 58282.00
		योग l- Rs. 121900.00	Total- Rs. 496404.00	योग - Rs. 207183.00
2015-16	Rs. 158040.00	PPF Rs. 150000.00 LIC Rs. 21900.00 SBI Life Rs. 50000.00	HL38000x12 =Rs.456000.00 CL-10101x12 =Rs.121212.00	GPF-Rs. 144557.00 GIS- Rs. . 4800.00 IT- Rs. 100839.00
		योग l- Rs. 221900.00	कुल- Rs. 577212.00	योग- Rs. 250196.00
	द्विवार्षिक योग- Rs. 23146.00	द्विवार्षिक योग- Rs. 343800.00	द्विवार्षिक योग- Rs.1073616.00	द्विवार्षिक योग- Rs. 457379.00

द्विवार्षिक आय Rs. 2512189.00

कुल निवेश तथा अदायगियाँ-
Rs. 23146.00 + Rs. 343800.00 + Rs. 1073616.00 + Rs. 457379.00 = Rs. 1897941.00

द्विवार्षिक आय Rs. 2512189.00
(-) कुल निवेश तथा अदायगियाँ Rs. 1897941.00
= खर्च के मद में उपलब्ध धनराशि Rs. 614248.00

Umesh Chandra Pande

(उमेश चन्द्र पाण्डे)
विशेष न्यायाधीश(आ०व०अधि०),
बाराबंकी।